खबर संक्षेप

मैहर में आज निकलेगी भव्य चुनरी अर्पण यात्रा, मां शारदा को चढ़ेगी पवित्र चुनर

मैहर। शारदीय नवरात्रि की महासप्तमी पर 17अक्टूबर 2026 को राजराजेश्वरी मां शारदा भक्तमंडली द्वारा मैहर में एक भव्य चुनरी अर्पण यात्रा निकाली जाएगी। दोपहर 2:30 बजे चंडी देवी मंदिर से आरंभ होने वाली इस यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु पारंपरिक उल्लास के साथ माता की चुनर लेकर मां शारदा देवी धाम पहुंचेंगे। मंदिर में विधि-विधान से मां भगवती के श्रीचरणों में पवित्र चुनर अर्पित कर देश,प्रदेश और नगर की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की जाएगी।आयोजकों ने सभी धर्मप्रेमियों और श्रद्धालुओं से इस पावन यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का विनम्र आग्रह किया है।

मां शारदा दरबार की प्रतियोगिता में ग्राम पंचायत डेल्हा की टीम ने लहराया परचम

मैहर। सिद्धपीठ मां शारदा मंदिर प्रांगण में आयोजित देवी गीत एवं भगत गायन प्रतियोगिता में ग्राम पंचायत डेल्हा की सांस्कृतिक टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। जिला प्रशासन और मंदिर प्रबंध समिति के संयुक्त तत्वावधान में हुए इस आयोजन में कलाकारों ने अपनी पारंपरिक शैली और आल्हा गायन से पूरे मंदिर परिसर को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस गौरवशाली उपलब्धि पर कलेक्टर विदिशा मुखर्जी ने विजेता टीम के कलाकारों को स्मृति चिह्न और माता रानी की चुनरी भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

कांग्रेस ने मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग को लेकर निकाली तिरंगा यात्रा

सतना। माधवगढ़ के बापू पार्क में कांग्रेस पार्टी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें वोट बचाओ,देश बचाओ अभियान के तहत मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर 17 अक्टूबर को शाम 4बजे पैदल (तिरंगा) यात्रा निकालने का निर्णय लिया गया। इसी रणनीति के तहत सतना में कांग्रेस की यह तिरंगा यात्रा नजीराबाद से शुरू होकर सिमरिया चौराहा तक पहुँची। इस विरोध प्रदर्शन और यात्रा में बाबू पुर के प्रभारी सज्जन सिंह तिवारी,ब्लॉक अध्यक्ष आनंद कर द्विवेदी,माधवगढ़ मंडल अध्यक्ष मोहम्मद खुर्शीद अख्तर,सुरेंद्र चौधरी,बीएलए अनूप तिवारी,मोहम्मद सगीर,माधवगढ़ पंचायत के कांग्रेस अध्यक्ष बबलू प्रजापति,अजय कुशवाहा और रामसजीवन गुप्ता सहित कई प्रमुख कांग्रेसी नेता व कार्यकर्ता शामिल हुए। पार्टी नेताओं ने चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हुए विरोध प्रदर्शन तेज करने का ऐलान किया है।

रेलवे स्टेशन पर स्वच्छता की खुली पोल: गंदगी का अंबार, हैरिटेज इंजन के पास बना शौचालय







सतना। रेलवे स्टेशन परिसर और उसके आसपास फैली भारी गंदगी ने रेलवे प्रशासन की स्वच्छता व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी है। त्योहारों का सीजन नजदीक होने के बावजूद स्टेशन परिसर में नियमित रूप से झाड़ू तक नहीं लगाई जा रही है,जिसके कारण जगह-जगह कचरे और गंदगी के बड़े-बड़े ढेर नजर आ रहे हैं। सबसे ज्यादा बदतर स्थिति स्टेशन परिसर में रखे गए ऐतिहासिक हैरिटेज रेल इंजन के आसपास की है। इस हेरिटेज धरोहर के पास लोगों ने खुले में शौच करना शुरू कर दिया है, जिससे वहां हमेशा असहनीय दुर्गंध और बदबू फैली रहती है। इस भीषण बदबू के कारण यात्रियों का प्लेटफॉर्म और परिसर से गुजरना तक दूभर हो गया है। यही नहीं,इस ऐतिहासिक इंजन के आसपास का क्षेत्र असामाजिक तत्वों और शराबियों का मुख्य ठिकाना बन गया है। रात के समय वहां शराब पीने वालों का जमावड़ा लगा रहता है,जिससे महिला यात्रियों और परिवारों में असुरक्षा का माहौल बना रहता है। यात्रियों ने रेलवे अधिकारियों से मांग की है कि त्योहारों के मद्देनजर स्टेशन परिसर की तुरंत साफ-सफाई कराई जाए और सुरक्षा कड़ी की जाए।

रेलवे स्टेशन बना अखाड़ा: पुलिस के सामने प्लेटफॉर्म पर युवकों के बीच चले जमकर लात-घूंसे



सतना। रेलवे स्टेशन का प्लेटफॉर्म नंबर दो बीती रात किसी अखाड़े में तब्दील हो गया,जहां यात्रियों की मौजूदगी के बीच दो पक्षों के युवकों में जमकर लात-घूंसे चले।मिली जानकारी के अनुसार, वास्कोडिगामा एक्सप्रेस ट्रेन से उतरे कुछ युवकों के बीच किसी मामूली बात को लेकर अचानक तीखी बहस शुरू हो गई। देखते ही देखते यह विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया और युवक आपस में भिड़ गए। हंगामा बढ़ता देख रेल पुलिस के तीन जवान तुरंत मौके पर पहुंचे,लेकिन हैरानी की बात यह रही कि मारपीट कर रहे युवकों पर खाकी का कोई खौफ नहीं दिखा। पुलिसकर्मियों की मौजूदगी के बावजूद वे एक-दूसरे पर बेखौफ होकर हमले करते रहे। कुछ देर बाद पुलिस के जवान मशक्कत के बाद सिर्फ एक युवक को पकड़कर मौके से साथ ले गए। पुलिस के जाते ही युवकों ने एक बार फिर प्लेटफॉर्म पर जमकर तांडव मचाया और मारपीट जारी रखी।हालांकि इस पूरे विवाद की असल वजह अभी तक सामने नहीं आई है, लेकिन इस घटना ने रेलवे सुरक्षा बल और जीआरपी की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। यात्रियों की सुरक्षा को ताक पर रखकर हुई इस गुंडागर्दी से स्टेशन पर दहशत का माहौल रहा।

चोरों को पकड़ने गई पुलिस टीम पर आफत: हाइटेंशन लाइन की चपेट में आए तीन पुलिस कर्मी, एक आईसीयू में भर्ती

सतना। सिविल लाइन थाने की पुलिस टीम के लिए चोरों को पकड़ने गई एक दबिश भारी मुसीबत बन गई। शहर के विराट नगर इलाके में एक मकान में चोरों के छुपे होने की सूचना मिलने पर पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे थे। संदिग्धों की तलाश करते हुए जब पुलिसकर्मी मकान की छत पर चढ़े,तो वहां से गुजर रही हाईटेंशन बिजली लाइन की चपेट में आ गए। इस भयानक हादसे में तीन पुलिसकर्मी करंट की चपेट में झुलस गए। हादसे के बाद दो पुलिसकर्मियों की हालत सामान्य बताई जा रही है,जिससे उन्हें बड़ी राहत मिली है। हालांकि,आरक्षक आनंद सिंह को सिर और पैर में गंभीर चोटें आई हैं। उनकी नाजुक हालत को देखते हुए उन्हें शहर के एक निजी अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है,जहां डॉक्टरों की देखरेख में उनका इलाज जारी है। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक,जिस घर में चोरों के घुसने की सूचना पर पुलिस दबिश देने गई थी, उस मकान में पहले भी बड़ी चोरी की वारदातें हो चुकी हैं। इस घटना ने एकबार फिर पुलिस के सामने आने वाले जोखिमों और रिहायशी इलाकों से गुजर रही असुरक्षित हाईटेंशन लाइनों के खतरों को उजागर कर दिया है।पुलिस इस मामले की गहराई से जांच कर रही है और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की जा रही है।

मां शारदा मंदिर प्रांगण में मारपीट,एक आरोपी गिरफ्तार और अन्य की तलाश जारी

मैहर। प्रसिद्ध मां शारदा देवी मेला परिसर में बीती रात एक यात्री के साथ कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा मारपीट किए जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। मामले की गंभीरता को देखते हुए मैहर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपियों की पहचान की और उनमें से एक को दबोच लिया है। थाना प्रभारी अभिषेक सिंह परिहार ने कड़े शब्दों में चेतावनी दी है कि घटना में शामिल अन्य फरार आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि पवित्र धाम में इस प्रकार की अराजकता और गुंडागर्दी बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

सतना में नवरात्रि की धूम: शहर से लेकर गांवों तक भक्तिमय माहौल,सजीं आकर्षक झांकियां और मां दुर्गा की प्रतिमाएं







सतना। पूरे जिले में शक्ति की उपासना के पावन पर्व नवरात्रि की धूम चारों तरफ छाई हुई है। जिला मुख्यालय से लेकर सुदूर ग्रामीण अंचलों तक भक्ति का सैलाब उमड़ पड़ा है। जगह-जगह सैकड़ों की संख्या में मां दुर्गा और मां काली की भव्य प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं,जिन्हें देखने और दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है।



शहर के इन प्रमुख स्थानों पर सजे हैं भव्य पंडाल

सतना शहर के विभिन्न इलाकों में आकर्षक और कलात्मक पंडाल सजाए गए हैं,जो मुख्य आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। लालता चौक,प्रेम नगर,कोतवाली चौक,कामता टोला,झूलेलाल मंदिर क्षेत्र,बाजरा टोला, डाली बाबा,धवारी इलाका आदि जगहों पर लोग प्रतिमाएं देखने पहुंच रहे हैं।इन प्रमुख स्थानों के अलावा अन्य कई कॉलोनियों और चौराहों पर भी मां की मनमोहक प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं,जिनकी सजावट देखते ही बनती है।

भक्ति और उल्लास से सराबोर माहौल

नवरात्रि के इन दिनों में पूरा सतना जिला भक्ति के रंग में रंग गया है। सुबह से लेकर देर रात तक पंडालों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। माता के जयकारों और आरती की गूंज से पूरा वातावरण पूरी तरह से ऊर्जावान और आध्यात्मिक हो गया है। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक,सभी में पर्व को लेकर भारी उत्साह देखा जा रहा है।







मैहर में अतिक्रमण पर प्रशासन का शिकंजा,घंटाघर और स्टेशन रोड पर कार्रवाई



मैहर। नगर में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने और नागरिकों को राहत देने के लिए नगर पालिका सीएमओ प्रिंस अग्रवाल के नेतृत्व में अतिक्रमण दस्ते ने बड़ी कार्रवाई की।घंटाघर,स्टेट बैंक चौराहा और स्टेशन रोड पर सड़क व फुटपाथ पर कब्जा कर आवागमन बाधित करने वाले ठेला संचालकों को कड़ी हिदायत दी गई। प्रशासन ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी वेंडर केवल नगर पालिका द्वारा निर्धारित स्थानों पर ही अपना व्यवसाय संचालित करें। इस कार्रवाई के दौरान अतिक्रमण प्रभारी बलेंद्र पांडे समेत पूरा अमला मौजूद रहा,जिससे स्थानीय राहगीरों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

कुपोषण मुक्त चित्रकूट अभियान का शुभारंभ



सतना। क्षेत्र को कुपोषण से मुक्त करने के उद्देश्य से नानाजी देशमुख शोध संस्थान द्वारा कुपोषण मुक्त चित्रकूट अभियान का शुभारंभ किया गया। जनपद पंचायत सभागार मझगवां में आयोजित बैठक में ग्राम प्रेरकों और स्व-सहायता समूहों को मार्गदर्शन दिया गया। संस्थान के अध्यक्ष अनिरुद्ध कुमार ने बताया कि यह अभियान जनसहयोग से चलेगा। भाजपा नेता निरंजन जायसवाल ने आंगनवाड़ी केंद्रों की अव्यवस्थाओं पर चिंता जताते हुए संस्थान को हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों ने भी संयुक्त प्रयास से कुपोषण मिटाने का संकल्प लिया।

9 साल से लंबित बीएसएन एल तीसरे पीआरसी लागू करने की मांग

सतना। भारत संचार निगम लिमिटेड के कर्मचारियों के लिए तीसरे वेतन संशोधन को लागू कराने की मांग अब तेज हो गई है। 'ऑल यूनियंस एंड एसोसिएशंस के बैनर तले कर्मचारी पिछले 9 सालों से इस अधिकार के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इसी कड़ी में शिष्टमंडल ने स्थानीय सांसद गणेश सिंह से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा और इस गंभीर मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की। सतना प्रवास के दौरान पदाधिकारियों ने सांसद गणेश सिंह का शाल और पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इसके बाद उन्हें 9 साल से लंबित वेतन संशोधन से जुड़ी समस्याओं से अवगत कराते हुए 'वहनीयता खंड' में आवश्यक ढील देने की मांग का ज्ञापन सौंपा गया। अपनी नाराजगी जाहिर करने के लिए हाल ही में मध्य प्रदेश के लगभग 1000 कर्मचारियों ने विरोध स्वरूप सभी आधिकारिक व्हाट्सएप समूहों से इस्तीफा दे दिया है। चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें जल्द पूरी नहीं हुईं,तो कर्मचारी 20 नवंबर को राष्ट्र व्यापी हड़ताल पर जाने के लिए बाध्य होंगे। इस अवसर परअभिनव तिवारी सचिव,पंचराज सिंह परिहार अध्यक्ष,अमित तिवारी संयोजक, एस.पी.सिंह,पवन सिंह,विश्व जीत सिंह,ज्योतिष पटेल और अमित सिंह शामिल रहे।



सीहोरा से 200 मीटर लंबी चुनरी लेकर मैहर पहुंचे सैकड़ों श्रद्धालु



मैहर। शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर मां शारदा की नगरी मैहर में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा है। सीहोरा से आए सैकड़ों श्रद्धालुओं ने लगभग 200 मीटर लंबी चुनरी के साथ पदयात्रा करते हुए माता के दरबार में हाजिरी लगाई और विधिवत पूजा-अर्चना की। नवरात्रि मेले के दौरान नगर का हृदयस्थल घंटाघर आकर्षक विद्युत सज्जा से जगमगा रहा है। कलेक्टर विदिशा मुखर्जी,विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी और पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में प्रशासन द्वारा स्वच्छता,आवागमन और दर्शन की बेहतरीन व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं,जिनकी देश भर से आए श्रद्धालुओं ने खुले मन से सराहना की है।

मझगवां ग्राम पंचायत में जेसीबी से काम,मजदूरों का हक छीना

सतना। जनपद पंचायत मझगवां मुख्यालय स्थित ग्राम पंचायत में विकास कार्यों के नाम पर मजदूरों के अधिकारों का हनन हो रहा है। आरोप है कि पंचायत में लेबर(मजदूरों) के स्थान पर जेसीबी मशीन और ट्रैक्टरों से काम कराया जा रहा है। मुख्यालय में ही ठेकेदारों और मशीन संचालकों की इस मनमानी पर अधिकारियों का ध्यान नहीं जा रहा है।स्थानीय लोगों का कहना है कि जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीओ) की नाक के नीचे यह सब हो रहा है,जिससे गरीब मजदूरों को उनके रोजगार के हक से वंचित होना पड़ रहा है।



मैहर में आज सजेगी साहित्यिक महफिल

मैहर। सांस्कृतिक संस्था 'कीर्तिमान' के तत्वावधान में मां शारदा की नगरी मैहर में शनिवार, 17 अक्टूबर 2026 को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन की 45वीं प्रस्तुति का आयोजन किया जाएगा। संगीत समारोह स्थल पर रात 8:30 बजे से शुरू होने वाले इस भव्य कार्यक्रम में देश के कई नामचीन कवि अपनी कविताओं,हास्य-व्यंग्य और ओजपूर्ण रचनाओं से श्रोताओं को सराबोर करेंगे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण अलीगढ़ के प्रसिद्ध कवि डॉ.विष्णु सक्सेना का कुशल मंच संचालन रहेगा। इसके अलावा दिल्ली, जयपुर, लखनऊ,कोटा,उज्जैन,मुंबई और रीवा के चर्चित कवि भी अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

खबर संक्षेप

अमानगंज ज्वाला माता मंदिर में मां जगत जननी की महाआरती, जयकारों से गूंजा मंदिर परिसर



अमानगंज। नगर के प्रसिद्ध ज्वाला माता मंदिर में मां जगत जननी की महाआरती श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ संपन्न हुई। आरती के दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। हाथों में दीपक, मुख पर मां ज्वाला माता के जयकारे और भक्तिमय वातावरण ने पूरे परिसर को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था के लिए अमानगंज थाना प्रभारी हेमंत नायक पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। मां ज्वाला माता के जयकारों और सामूहिक आरती के बीच पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय नजर आया।

शराबी पति ने पत्नी से की मारपीट और दी जान से मारने की धमकी, मामला दर्ज

अमानगंज। थाना क्षेत्र के ग्राम जसवंतपुरा में एक शराबी पति द्वारा अपनी पत्नी के साथ मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने फरियादिया की शिकायत पर आरोपी पति के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम उडला थाना सुनवानी निवासी 42 वर्षीय बिनीता यादव की दूसरी शादी वर्ष 2022 में जगदीश यादव के साथ हुई थी। पति के शराब पीने की लत और लगातार विवाद के चलते बिनीता पिछले करीब दो वर्षों से अपने मायके ग्राम जसवंतपुरा में रह रही थीं। घटना 15 अक्टूबर 2026 की शाम करीब 06 बजे की है। आरोपी पति जगदीश, जो पिछले दो महीने से मायके में ही रह रहा था, उसने अचानक कहा कि उसे अब साथ नहीं रहना है और वह घर लौट रहा है। जब पत्नी ने इसका विरोध किया, तो आरोपी ने गंदी-गंदी गालियां दीं और लात-घूंसों से मारपीट करते हुए उसे जमीन पर गिरा दिया। इस मारपीट में फरियादिया के दाएं हाथ की कलाई, कोंचा और कमर के पीछे गंभीर चोटें आईं। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे पड़ोसी अवधेश गर्ग और बहन माधवी यादव ने बीच-बचाव किया। जाते समय आरोपी ने पत्नी को जान से खत्म करने की धमकी भी दी। रात अधिक होने के कारण घटना के दिन रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई जा सकी थी। अगले दिन पीड़िता ने अपने बहनोई जुगल किशोर यादव के साथ थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ बीएनएस की धारा 296 (बी), 115(2), और 351(3) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में ले लिया है।

10 साल से लापता युवक की तलाश में दर-दर भटक रहा पिता, थाने में मामला दर्ज; अज्ञात पर बहला-फुसलाकर ले जाने का अंदेशा

अमानगंज। थाना क्षेत्र के ग्राम विक्रमपुर से एक दशक से रहस्यमय परिस्थितियों में लापता युवक का सुराग लगाने के लिए अब पुलिस की मदद ली गई है। पीड़ित पिता ने थाने पहुंचकर अपने बेटे की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है, जिसके आधार पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 140(3) के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, फरियादी पूरनलाल सेन (62 वर्ष) ने पुलिस को बताया कि उनका मझला बेटा राकेश सेन (उम्र करीब 42 वर्ष) आज से लगभग 10 साल पहले विक्रमपुर से मजदूरी करने के लिए गुड़गांव जाने की कहकर घर से निकला था। शुरुआती 4 वर्षों तक तो फोन पर बातचीत होती रही, लेकिन उसके बाद से उसका कोई अतापता नहीं चला। पिता का कहना है कि वे लगातार अपने बेटे की तलाश करते रहे, लेकिन जब कोई जानकारी नहीं मिली, तो उन्हें अंदेशा हुआ कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनके बेटे को गलत तरीके से बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाया गया है। थाने रिपोर्ट दर्ज कराते समय फरियादी के साथ गांव के विशाल सिंह भदौरिया भी मौजूद रहे। लापता युवक राकेश सेन का हुलिया इस प्रकार है- नामरू राकेश सेन, आयुरू करीब 42 वर्ष, कदरू लगभग 5 फीट 05 इंच, रंगरू गेहुआँ, चेहरारू गोल, और विशेष पहचान के रूप में बाएं पैर की गांठ के पास पुरानी चोट का निशान है। परिजनों ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि यदि उपर्युक्त हुलिया वाले व्यक्ति राकेश सेन के संबंध में कहीं भी कोई जानकारी मिले, तो तुरंत अमानगंज थाने या मोबाइल नंबर 6268745966 (पूरनलाल सेन, पिता) पर संपर्क करें।

20 से 30 अक्टूबर तक पन्ना में होगा भव्य आयोजन, देश-विदेश से पहुंचेंगे श्रद्धालु; गोविंद चौक में मां जगत जननी की महाआरती कर किया कन्या पूजन

अंतरराष्ट्रीय शरद पूर्णिमा महोत्सव की तैयारियों को लेकर बृजेंद्र प्रताप सिंह ने की समीक्षा बैठक, श्रद्धालुओं की सुविधाओं पर दिया जोर

पन्ना। पूर्व मंत्री एवं पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह ने आगामी अंतरराष्ट्रीय शरद पूर्णिमा महोत्सव की तैयारियों को लेकर श्री प्राणनाथ ट्रस्ट के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में 20 से 30 अक्टूबर 2026 तक आयोजित होने वाले महोत्सव की व्यवस्थाओं और देश-विदेश से पन्ना पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि महोत्सव में शामिल होने आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और उन्हें बेहतर व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई जाएं। पन्ना की धार्मिक एवं आध्यात्मिक पहचान से जुड़े अंतरराष्ट्रीय शरद पूर्णिमा महोत्सव में देश के विभिन्न राज्यों के साथ विदेशों से भी बड़ी संख्या में प्रणामी समाज के अनुयायी और श्रद्धालु शामिल होते हैं। महोत्सव की शुरुआत 20 अक्टूबर को विजयादशमी के पावन अवसर पर खेजड़ा मंदिर में वीरा एवं तलवार उठाने की परंपरा के साथ होगी। इसके बाद विभिन्न धार्मिक और आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पूर्व मंत्री बृजेंद्र प्रताप सिंह ने श्री प्राणनाथ ट्रस्ट के पदाधिकारियों के साथ बैठक में महोत्सव की व्यापकता को देखते हुए श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं पर चर्चा की। देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के आगमन, उनके ठहरने तथा आयोजन में सहभागिता के दौरान सुविधाजनक व्यवस्था बनाए रखने पर



जोर दिया गया। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान रखने वाले इस महोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए व्यवस्थाओं को बेहतर और सुव्यवस्थित बनाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

श्री प्राणनाथ धाम की ऐतिहासिक परंपरा का प्रतीक है शरद पूर्णिमा महोत्सव

पन्ना में आयोजित होने वाला अंतरराष्ट्रीय शरद पूर्णिमा महोत्सव धार्मिक आस्था, आध्यात्मिक साधना और ऐतिहासिक परंपराओं का महत्वपूर्ण पर्व है। इस महोत्सव का संबंध श्री प्राणनाथ जी और बुंदेलखंड के इतिहास से भी जुड़ा है। मान्यता के अनुसार, वर्ष 1740 में श्री प्राणनाथ जी ने खेजड़ा मंदिर परिसर में महाराजा छत्रसाल को वीरा और तलवार भेंट कर बुंदेलखंड की विजय का आशीर्वाद दिया था। इसी ऐतिहासिक परंपरा के अनुरूप विजयादशमी पर महोत्सव का शुभारंभ किया जाता है। शरद पूर्णिमा की मध्यरात्रि में श्रीजी की सवारी बंगलाजी से रास मंडल में पहुंचाई जाती है, जहां महारास लीला सहित विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहते हैं। महोत्सव के दौरान विशाल मेला भी आयोजित होता है, जिसमें देश-विदेश से आए श्रद्धालु और दर्शनार्थी सहभागिता करते हैं। पन्ना की धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को व्यापक पहचान दिलाने में इस आयोजन की महत्वपूर्ण भूमिका मानी जाती है।

गोविंद चौक में मां जगत जननी की महाआरती, कन्या पूजन कर बांटा प्रसाद

अंतरराष्ट्रीय शरद पूर्णिमा महोत्सव की तैयारियों की समीक्षा के साथ ही पूर्व मंत्री एवं पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह पन्ना नगर के गोविंद चौक पहुंचे। यहां विराजमान जगत जननी मां की उन्होंने विधि-विधान से महाआरती की और श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना की। इसके पश्चात कन्या पूजन कर कन्याओं को प्रसाद वितरित किया। इस धार्मिक आयोजन के दौरान मां जगत जननी के प्रति आस्था व्यक्त करते हुए उन्होंने सुख-समृद्धि और जनकल्याण की कामना की। सनातन परंपरा में कन्या पूजन को देवी शक्ति के प्रति श्रद्धा और सम्मान का प्रतीक माना जाता है। बृजेंद्र प्रताप सिंह ने धार्मिक अनुष्ठान में शामिल होकर परंपराओं के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की।

अजयगढ़ के ग्राम सिन्हाई में पंचायत भवन का लोकार्पण, अम्हा तिगेला से सिमरा तक सीसी रोड का भूमिपूजन





पूर्व मंत्री एवं पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह मुख्य अतिथि के रूप में हुए शामिल, छात्राओं को साइकिल, स्कूल बैग और अध्ययन सामग्री वितरित

पन्ना। अजयगढ़ तहसील अंतर्गत ग्राम सिन्हाई में नवीन पंचायत भवन का लोकार्पण एवं अम्हा तिगेला से सिमरा ग्राम तक सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री एवं पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विकास कार्यों के साथ-साथ शिक्षा को प्रोत्साहित करने की दिशा में भी पहल की गई।इसके बाद अजयगढ़ नगर परिषद अंतर्गत वार्ड क्रमांक 08, राजापुर में आयोजित कार्यक्रम में विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह ने छात्राओं को साइकिल, स्कूल बैग एवं अध्ययन सामग्री वितरित की। इस पहल का उद्देश्य छात्राओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना और उनकी पढ़ाई को सुविधाजनक बनाना रहा।

विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह ने अपने संबोधन में कहा -

गांवों का विकास हमारी प्राथमिकता है। पंचायत भवन ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर प्रशासनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने और पंचायत के कार्यों को बेहतर ढंग से संचालित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वहीं, सड़कों का निर्माण ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन को सुगम बनाने के साथ विकास के नए रास्ते खोलता है। हमारा प्रयास है कि ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार हो और विकास कार्यों का लाभ आमजन तक पहुंचे। सड़क, शिक्षा और अन्य आवश्यक सुविधाएं मजबूत होंगी, तभी गांवों की प्रगति को गति मिलेगी।शिक्षा समाज के विकास की आधारशिला है। बेटियों को शिक्षा के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना हम सभी की जिम्मेदारी है। साइकिल, स्कूल बैग और अध्ययन सामग्री मिलने से छात्राओं को पढ़ाई में सुविधा मिलेगी और वे अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ सकेंगी। हमारी बेटियां शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ें, आत्मनिर्भर बनें और अपने परिवार तथा क्षेत्र का नाम रोशन करें, यही हमारी कामना है।

पन्ना की लोक गायिका श्रीमती शांति पटेल का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर



पन्ना। बुंदेलखंड के लोकसंगीत को अपनी सुरीली आवाज से पहचान दिलाने वाली पन्ना जिले की मशहूर लोकगीत गायिका श्रीमती शांति देवी पटेल का निधन हो गया है। वे विगत कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रही थीं और उन्होंने देर रात अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर से संगीत प्रेमियों और जिलेभर में शोक की लहर दौड़ गई है। श्रीमती शांति पटेल ने अपने गायन के माध्यम से बुंदेली संस्कृति और परंपरा को जन-जन तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके जाने को लोककला और संगीत जगत के लिए एक बहुत बड़ी क्षति माना जा रहा है। स्थानीय कलाकारों, सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए इसे बुंदेली माटी के एक अनमोल सुर का खो जाना बताया है।ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा इस कठिन समय में शोकाकुल परिजनों को इस असीम दुःख को सहन करने का संबल प्रदान करें।

लोकल यूथ महासंघ ने सर्वेयरों की समस्याओं को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

पांच प्रमुख मांगें सर्वेयरों की सुरक्षा, लंबित भुगतान और मृतक के परिजनों को मुआवजा देने की उठाई मांग, शासन-प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की अपील'

गुनौर। लोकल यूथ महासंघ मध्यप्रदेश ने सर्वेयरों की विभिन्न समस्याओं और मांगों को लेकर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसील गुनौर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन के माध्यम से संगठन ने सर्वेयरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने, लंबित भुगतान कराने, रोटेशन प्रणाली बंद करने तथा ड्यूटी के दौरान जान गंवाने वाले सर्वेयर के परिजनों को मुआवजा दिलाने की मांग उठाई है। संगठन की ओर से सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि अमानगंज तहसील क्षेत्र के ग्राम ककरा निवासी सर्वेयर देवीदीन ढीमर की सर्वे कार्य के दौरान कथित तौर पर अकाल मृत्यु हो गई थी। संगठन ने आरोप लगाया कि घटना के बाद भी मृतक के परिवार को शासन की ओर से अब तक सहायता राशि नहीं मिली है। ज्ञापन में पीड़ित परिवार को 15 लाख रुपये का मुआवजा दिलाने की मांग की गई है।

रोटेशन प्रणाली बंद करने की मांग

ज्ञापन में सर्वेयरों के लिए शासन द्वारा लागू की गई रोटेशन प्रणाली को तत्काल बंद करने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई है। संगठन का कहना है कि इस व्यवस्था के कारण सर्वेयरों के कामकाज और रोजगार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। इसलिए सर्वेयरों के हितों को ध्यान में रखते हुए व्यवस्था पर पुनर्विचार किया जाना चाहिए।



सुरक्षा उपकरण और बीमा का मिले लाभ

संगठन ने सर्वेयरों की गिरदावरी के दौरान सुरक्षा को लेकर भी चिंता जताई है। ज्ञापन में मांग की गई है कि सर्वे कार्य के दौरान कर्मचारियों को सुरक्षा के लिए फुज जूते, सेफ्टी किट और बीमा सुरक्षा कवच उपलब्ध कराया जाए, ताकि जोखिमपूर्ण परिस्थितियों में काम करने वाले सर्वेयरों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।
ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि कई सर्वेयरों का गिरदावरी एवं फार्मर आईडी से संबंधित भुगतान लगभग एक वर्ष से लंबित है। संगठन ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि लंबित भुगतान का जल्द से जल्द निराकरण कर सर्वेयरों को उनकी मेहनत की राशि उपलब्ध कराई जाए।

प्रशासन से शीघ्र निराकरण की अपील

लोकल यूथ महासंघ ने प्रशासन से मांग की है कि ज्ञापन में उठाए गए सभी बिंदुओं पर गंभीरता से विचार करते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाए। संगठन का कहना है कि सर्वेयरों की समस्याओं का समय पर समाधान होना चाहिए, ताकि उन्हें आर्थिक परेशानियों और कार्य के दौरान सुरक्षा संबंधी चुनौतियों का सामना न करना पड़े। अब देखना होगा कि सर्वेयरों की इन मांगों पर प्रशासन क्या कदम उठाता है और लंबित भुगतान व मुआवजे के मामले में संबंधित विभाग कब तक कार्रवाई करता है।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला फूंका रैली निकाल कर किया प्रदर्शन

पन्ना। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार द्वारा एस आई आर के नाम पर पूरे देश में करोड़ो वोटो की चोरी करवाई गई उक्त मामले को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पन्ना द्वारा स्थानीय अंबेडकर चौराहे पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला जलाया तथा ज्ञानेश कुमार एवं भारतीय जनता पार्टी केंद्र सरकार के खिलाफ जम कर नारे बाजी की गई उक्त कार्यक्रम ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती रमा बुंदेला के नेतृत्व में किया गया। पुतला दहन के बाद सैकड़ो कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने एकत्रित होकर अंबेडकर चौक से गांधी चौक तक रैली निकालकर जमकर



नारेबाजी की गांधी चौक में लगभग 1 घंटा प्रदर्शन किया गया तथा गांधी जी की प्रतिमा को माल्यार्पण के बाद रघुपति राघव राजा राम गीत का गायन करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त को सद्बुद्धि देने एवं स्तीफा देने की मांग की गई उक्त कार्यक्रम के दौरान भारी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे जिसमें मुख्य रूप से पूर्व विधायक श्रीकांत दुबे संगठन महासचिव राजबहादुर पटेल वरिष्ठ कांग्रेस नेता पवन जैन मार्तंड देव बुंदेला संजय पटेल कोषाध्यक्ष पुरुषोत्तम जड़िया शशीकांत दिक्षित राकेश शर्मा श्रीमती विमला सिंगरौल आकाश जाटव सौरभ पटेरिया रियासत खान बृजेंद्र यादव बृजेंद्र दुबे राम बहादुर द्विवेदी सरदार यादव डॉ कदीर खान सहित भारी संख्या में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे।

धरमपुर के तुलापुर गांव में खेरापति माता के मंदिर में चोरी, मूर्ति सहित घंटे और लोहे की सांग गायब

पीपल के पेड़ के नीचे स्थित धार्मिक स्थल से करीब 18 हजार रुपये की सामग्री चोरी, अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज

पन्ना। पन्ना जिले के धरमपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तुलापुर में खेरापति माता के धार्मिक स्थल पर चोरी का मामला सामने आया है। अज्ञात चोर पीपल के पेड़ के नीचे स्थापित खेरापति माता की एक पत्थर की मूर्ति, 16 से 17 घंटे तथा 10 से 11 लोहे की सांग चोरी कर ले गए। चोरी गई सामग्री की कुल कीमत करीब 18 हजार रुपये बताई गई है। फरियादी की रिपोर्ट पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 305(घ) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम तुलापुर निवासी भूरा प्रसाद कोरी (65 वर्ष), पिता भवानीदीन कोरी, खेती-किसानी का काम करते हैं। उन्होंने गांव के राजेन्द्र कुमार आरख, रामलखन आरख और राममूरत आरख के साथ धरमपुर थाने पहुंचकर मौखिक रिपोर्ट दर्ज कराई। फरियादी के अनुसार, गांव से कुछ दूरी पर पीपल के पेड़ के नीचे खेरापति माता का धार्मिक स्थान स्थित है। यह स्थान चारों तरफ से खुला हुआ है,



जहां गांव के लोग नियमित रूप से पूजा-अर्चना करने जाते हैं। यहां माता की पत्थर की मूर्तियां, घंटे और लोहे की सांग लगी हुई थीं। फरियादी ने बताया कि 15 अक्टूबर 2026 को शाम करीब 4 बजे वह गांव के उदय आरख, बुद्धीलाल कोरी और लोकेन्द्र आरख के साथ धार्मिक स्थल की सफाई कर रहे थे। उस समय वहां मूर्ति, घंटे और लोहे की सांग लगी हुई थीं।
सुबह 6:30 बजे पूजा करने पहुंचे ग्रामीण ने दी सूचना
16 अक्टूबर 2026 को सुबह करीब 6रू30 बजे रामलखन आरख खेरापति माता की पूजा करने पहुंचे। वहां पहुंचने पर उन्होंने देखा कि माता की करीब दो फीट लंबी पत्थर की एक मूर्ति, पीपल के पेड़ से लटके 16 से 17 घंटे और 10 से 11 लोहे की सांग गायब थीं।
रामलखन ने गांव लौटकर इसकी जानकारी ग्रामीणों को दी। इसके बाद भूरा प्रसाद कोरी सहित अन्य ग्रामीण धार्मिक स्थल पर पहुंचे और आसपास तलाश की, लेकिन चोरी गई सामग्री का कोई पता नहीं चला।
ग्रामीणों के अनुसार, चोरी गए घंटे और लोहे की सांग काफी पुराने थे। इनकी कुल कीमत करीब 18 हजार रुपये आंकी गई है। फरियादी ने आशंका जताई कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा धार्मिक स्थल से मूर्ति, घंटे और लोहे की सांग चोरी की गई हैं।
मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 305(घ) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। अब पुलिस मामले की जांच कर चोरी गई सामग्री और आरोपी का पता लगाने की कार्रवाई करेगी।

पंडित श्याम बिहारी दुबे का धामगमन

अंतिम यात्रा सायं 4:00 बजे पन्ना मे



पन्ना। प्रणामी संप्रदाय के जाने-माने विद्वान पंडित श्याम बिहारी दुबे जी का निधन हो गया हैं, आप अपने पुत्र पत्रकार मेहराज दुबे के साथ दिल्ली में निवास कर रहे थे, जिनकी अंतिम यात्रा आज सायं 4:00 बजे अपने निवास धाम मोहल्ले पन्ना से मुक्तिधाम के लिए रवाना होगी। स्वर्गीय श्री श्याम बिहारी शर्मा ने प्रणामी संप्रदाय को पूरी दुनिया में बढ़ाने के लिए सर्वोत्तम कार्य किया है उन्होंने धर्म का प्रचार प्रसार तो किया ही कई पुस्तके भी लिखी है दिल्ली के हरआनंद पब्लिकेशन ने आपकी पुस्तक सच्चिदानंद सिद्धार्थ, बुंदेला इतिहास एवं महाराजा छत्रसाल परमहंस प्रमुख हे जो छत्रसाल के पुत्र हृदय शाह के अंशो को उदित किया है। आप ने 1970 दशक मे प्रणामी धर्म के साक्ष्य साबित करने के लिए नेपाल में शास्त्रार्थ किया,,,बनारस की ब्राह्मण सभा ने उन्हें निजानंदाचार्य की उपाधि से सम्मानित किया था। अपने ही सबसे पहले महामती प्राणनाथ जी के लिए महामति शब्द का प्रयोग किया, आप अपने पीछे भरा पूरा सुखमय परिवार छोड़ गए हैं आपकी पांच संताने हैं जो तीन एचडी है एक भोपाल मे इतिहास की प्रोफेसर है, एक जबलपुर में ।ष की विभाग अध्यक्ष है एक पेंटिंग में एचडी है उनके पुत्र मेहराज दुबे जाने-माने पत्रकार एवं मीडिया हाउस की बड़ी पहचान है एक गौतम बुद्ध नगर में हिंदी की संयोजक है। श्री श्याम बिहारी शर्मा के निधन की सूचना मिलते ही पन्ना के लोगों ने में शोक व्यक्त करते हुए दुख प्रकट किया है, पन्ना नगर के समाजसेवी, परिवरीजन, उनके मित्र एवं पत्रकारों ने दुख व्यक्ति करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

खबर संक्षेप

दुकान पर विवाद के दौरान युवक से मारपीट, पुलिस ने दर्ज किया मामला



ईशानगर। छतरपुर जिले के ईशानगर थाना क्षेत्र में दुकान पर विवाद के दौरान एक युवक के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, फरियादी शिवम अग्रवाल 17 वर्ष, निवासी गहरवार, ने पुलिस को बताया कि 15 अक्टूबर 2026 को दोपहर करीब 2 बजे वह अपनी दुकान पर था। इसी दौरान उसके चाचा सुदामा अग्रवाल के साथ मोंटी पटेरिया,यश राजा एवं अन्य लोग दुकान पर पहुंचे।

शिकायत के मुताबिक, आरोपियों ने पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर कथित रूप से मारपीट की गई। फरियादी ने आरोप लगाया कि मारपीट के दौरान उसके नाक,हाथ,पैर और पीठ में चोटें आईं। घटना के दौरान मौके पर मौजूद अभिषेक जैन और सौरभ दुबे द्वारा बीच-बचाव किए जाने का भी शिकायत में उल्लेख किया गया है। ईशानगर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 296(बी), 115(2), 351(3) एवं 3(5) के तहत मामला दर्ज किया है। मामले की जांच सहायक उपनिरीक्षक मदन मोहन दुबे को सौंपी गई है।

छतरपुर में फर्जी दिव्यांगता प्रमाण पत्र का एक और मामला, प्राथमिक शिक्षक सविता पटेल की नियुक्ति तत्काल प्रभाव से निरस्त

छतरपुर: जिला शिक्षा अधिकारी छतरपुर पी के रैकवार ने फर्जी दिव्यांगता पर नौकरी पाने वाले शिक्षक पर कड़ी कार्यवाही की है। डीईओ कार्यालय छतरपुर के आदेश दिनांक 12.10.26 के अनुसार, शासकीय प्राथमिक शाला जुनवानी विकासखण्ड बिजावर, जिला छतरपुर में पदस्थ प्राथमिक शिक्षक श्रीमती सविता पटेल की नियुक्ति को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है। संभागीय मेडिकल बोर्ड, सागर द्वारा की गई जाँच में उनकी श्रवण बाधित दिव्यांगता प्रमाणित नहीं पाई गई यानी शून्य पाई गई। इस बात से यह सिद्ध होता है कि संबंधित ने फर्जी दिव्यांगता के आधार पर प्राथमिक शिक्षक के पद पर नियुक्ति लेकर एक पात्र दिव्यांग अभ्यर्थी का हक मारा है।

सविता पटेल पिता बेनी प्रसाद पटेल को 30 मार्च 2023 को दिव्यांगता श्रेणी के तहत प्राथमिक शिक्षक के पद पर नियुक्त किया गया था। इन्होंने दमोह जिले का दिव्यांग प्रमाण पत्र नौकरी लेते समय पेश किया गया जिसमें 50 प्रतिशत दिव्यांगता का उल्लेख है। लेकिन संभागीय मेडिकल बोर्ड के सामने आते ही इनकी सच्चाई सामने आ गई जिसमे इनकी दिव्यांगता घोषित की गई।

जिला मेडिकल बोर्ड छतरपुर द्वारा मामले को संभागीय मेडिकल बोर्ड, सागर रेफर किया गया था। क्षेत्रीय संचालक, स्वास्थ्य सेवायें, सागर संभाग द्वारा 30 सितंबर 2026 को प्रस्तुत प्रतिवेदन के अनुसार संबंधित में निर्धारित न्यूनतम 40 प्रतिशत स्थाई दिव्यांगता नहीं पाई गई। दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 की धारा 2 (ध) एवं लोक शिक्षण संचालनालय, भोपाल के निर्देशों के अनुक्रम में पात्रता न होने के कारण यह कार्रवाई की गई है। सूत्रों की माने तो अभी कुछ अन्य शिक्षक भी विभाग में पदस्थ है जिनकी दिव्यांगता फर्जी है, जिनकी रिपोर्ट संभागीय मेडिकल बोर्ड से आते ही टर्मिनेशन की कार्यवाही संपादित की जाएगी।

सीमावर्ती थाने की सुरक्षा व्यवस्था को परखने पहुंचे एसपी, दिए सख्त निर्देश

छतरपुर। जिले की पुलिस व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के सिलसिले में शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने हरपालपुर थाने का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाने के मालखाने, बंदीगृह, महिला हेल्प डेस्क और आपराधिक रिकॉर्ड का बारीकी से जायजा लिया तथा व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसपी ने थाना प्रभारी नितिन शर्मा को निर्देशित किया कि चूँकि हरपालपुर थाना मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश की सीमा पर स्थित है, इसलिए यहाँ की भौगोलिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए असामाजिक तत्वों और आपराधिक गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखी जानी चाहिए। उन्होंने चोरी, मारपीट और महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों में बिना किसी ढिलाई के त्वरित और सख्त कानूनी कार्रवाई करने पर जोर दिया।

बुंदेलखंड क्षेत्र की 122 वर्ष प्राचीन श्री रामलीला के मंच पर....

श्रीरामलीला में जीवंत हुआ जयंत अपराध और सूर्पणखा प्रसंग, ऋषियों से भेंट, खर-दूषण वध की अद्भुत प्रस्तुति देख मंत्रमुग्ध हुए श्रद्धालु

नौगांव। बुंदेलखंड क्षेत्र की परंपरागत 122वीं श्रीरामलीला महोत्सव के अंतर्गत शुक्रवार रात मंच पर श्रीरामचरित की रोमांचक और भावनात्मक लीलाओं का जीवंत मंचन हुआ। जयंत अपराध, ऋषियों से श्रीराम की भेंट, सूर्पणखा प्रसंग और खर-दूषण वध की घटनाओं को इस तरह प्रस्तुत किया गया कि पूरा पंडाल श्रद्धालुओं की तालियों और जयकारों से गूंज उठा। श्रीरामलीला के मंच पर शुक्रवार की रात जयंत अपराध का भावपूर्ण चित्रण किया गया। रामलीला मंच पर सबसे पहले देवेंद्र के पुत्र जयंत द्वारा श्रीराम की परीक्षा लेने हेतु माया रूपी कौवे का रूप धारण कर सीता माता पर चोंच मारने का दृश्य प्रस्तुत किया गया। श्रीराम के तीर से घायल होकर जयंत जब शरण में आया तो दर्शकों के सामने करुणा और क्षमा का अद्भुत संगम प्रकट हुआ। इस दृश्य ने सभा को भाव-विभोर कर दिया। इसके बाद श्रीराम, लक्ष्मण और माता सीता के वनवास यात्रा के दौरान ऋषि-मुनियों से मुलाकात का दृश्य मंचित किया गया। साधु-संतों ने प्रभु श्रीराम से दुष्ट राक्षसों से रक्षा करने की विनती की। यह दृश्य दर्शकों को धर्म, सदाचार और साधु-



संरक्षण की परंपरा का संदेश देता नजर आया।

रामलीला के मंच पर जब राक्षसी सूर्पणखा का प्रवेश हुआ तो दर्शकों में उत्सुकता बढ़ गई। सूर्पणखा का संवाद, उसका सीता पर क्रोध और लक्ष्मण द्वारा उसका नाक-कान काटने का दृश्य इतना सजीव और प्रभावशाली रहा कि दर्शकों ने जोरदार तालियों से कलाकारों का उत्साह बढ़ाया। लंकेश रावण का किरदार सुनील तिवारी, विनीत सोनी ने दूषण तथा सबसे रोचक लीला सूर्पनखा संवाद जिसमें जीतेन्द्र पटेरिया ने शानदार अभिनय किया। सूर्पनखा ने प्रभु श्रीराम के सामने विवाह का प्रस्ताव रखा तो प्रभु श्रीराम ने कहा की मैं विवाहित हूं, तुम मेरे अनुज लक्ष्मण के पास जाओ। सूर्पनखा ने लक्ष्मण को रिझाने के लिए गाना गाकर डांस करके सबको खूब हंसाया। लक्ष्मण ने क्रोधित होकर लंकेश की बहन सूर्पनखा की नाक काट दी। सूर्पनखा की नाक काटने के बाद पंचवटी में स्थित अपने भाई खर-दूषण के पास गई, लेकिन राम ने खर-दूषण का वध कर दिया।

रविवार की रात का मुख्य आकर्षण रहा खर-दूषण वध का युद्ध दृश्य। राक्षसों के विशाल समूह और श्रीराम के अद्भुत पराक्रम को देख दर्शक रोमांचित हो उठे। युद्ध की ध्वनि, शंख-घंटियों की धुन और कलाकारों के संवादों ने पूरा माहौल जीवंत कर दिया। खर-दूषण के परास्त होने पर पूरे पंडाल में 'जय श्रीराम' के नारे गूंजने लगे। mश्रीरामलीला देखने के लिए रविवार की रात शहर और आसपास के ग्रामीण अंचलों से भारी संख्या में लोग पहुंचे। मंचन के दौरान बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों की भीड़ देर रात तक डटी रही। हर प्रसंग के बाद तालियों और जयकारों से कलाकारों का हौसला बढ़ता रहा। रामलीला समिति द्वारा किए गए सजावट, ध्वनि और प्रकाश व्यवस्था की भी लोगों ने जमकर तारीफ की। कलाकारों की वेशभूषा और संवाद प्रस्तुति ने लीला को और भी आकर्षक बना दिया।

श्रीरामलीला समिति से जुड़े पुलकित श्रीवास्तव ने बताया कि शनिवार को सीताहरण, जटायु मिलन, शबरी आतिथ्य, सुग्रीव मित्रता और बाली वध की लीलाओं का मंचन किया जाएगा। इन प्रसंगों में रावण द्वारा माता सीता के हरण, उनकी रक्षा के लिए जटायु के अदम्य साहस, प्रभु श्रीराम के प्रति शबरी की अनन्य भक्ति और सुग्रीव से मित्रता की कथा प्रस्तुत की जाएगी। बाली वध के प्रसंग में धर्म और अधर्म के संघर्ष को दर्शाया जाएगा। उन्होंने धर्मप्रेमियों से परिवार सहित रामलीला देखने पहुंचने की अपील की।

शादी के 7 माह बाद युवक की करंट लगने से हुई मौत, परिवार में मचा कोहराम

छतरपुर।

भगवां थाना क्षेत्र के खरदूती गांव के रहने वाले सुम्मेर सिंह घोष 19 वर्ष पुत्र मानसिंह घोष की करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। वह अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। परिजनों के मुताबिक, युवक दोपहर करीब 12:00 बजे अपने खेत पर मोटर पंप चालू करने गया था। इसी दौरान पंप चलाते वक्त उसे जोरदार करंट लग गया, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया।



मातम में बदलीं शादी की खुशियां, अभी नहीं हुई थी पहली विदा

परिजन जगदीश सिंह घोष ने बताया कि मृतक युवक की शादी इसी साल 25 अप्रैल को धरमपुरा गांव में हुई थी। शादी को अभी महज 7 महीने ही बीते थे और उसकी पहली विदा होना भी अभी बाकी था। घर की खुशियां अभी पूरी तरह से थमतीं और नई बहू का स्वागत ठीक से होता, उससे पहले ही इस अनहोनी ने पूरे परिवार को झकझोर कर रख दिया है।

अस्पताल पहुंचने से पहले ही थम गई सांसें

घटना के बाद परिजन तुरंत युवक को लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अचानक हुए इस हादसे से मृतक के माता-पिता और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में भी इस दुखद घटना के बाद शोक की लहर छा गई है।

जामा मस्जिद वक्फ कमेटी ने संभाला कार्यभार, 15 दिन में पुरानी कमेटी सौंपेगी हिसाब-किताब

सदर सादिक अली बोले- आने वाले दिनों में कमेटी का होगा विस्तार, जुमा की नमाज के बाद आवाम ने किया इस्तकबाल

नौगांव।

शहर की जामा मस्जिद वक्फ कमेटी की नई टीम ने कार्यभार संभाल लिया है। शुक्रवार को जुमा की नमाज के बाद आवाम ने नवनियुक्त सदर सादिक अली सहित कमेटी के पदाधिकारियों का इस्तकबाल किया। इस दौरान जामा मस्जिद के पेश इमाम मौलाना कारी मुनव्वर रजा कादरी ने सदर सादिक अली सहित कमेटी का माला पहनाकर स्वागत किया। वहीं कमेटी के पदाधिकारियों ने भी इमाम को फूलमालाएं पहनाकर सम्मान किया।

नई कमेटी के सदर सादिक अली ने बताया कि कार्यभार संभालने के बाद पुरानी कमेटी से चर्चा हुई है। पुरानी कमेटी ने आगामी 15 दिनों में पूरा हिसाब-किताब नई कमेटी को सौंपने की बात कही है। इसके बाद नई कमेटी आगे की व्यवस्थाओं और जिम्मेदारियों को व्यवस्थित तरीके से संभालेगी। सादिक अली ने बताया कि वर्तमान में कमेटी में 11 सदस्य हैं। आने वाले दिनों में कमेटी का विस्तार किया जाएगा, ताकि अधिक लोगों को साथ लेकर काम किया जा सके। उन्होंने कहा कि कमेटी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ करेगी। आवाम ने जो भरोसा जताया है, उस पर खरा उतरना प्राथमिकता रहेगी। उनका कहना है कि वक्फ की संपत्ति को सुरक्षित करना, उनका संरक्षण करना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी।

सदर सादिक अली ने बताया कि पुरानी कमेटी से हिसाब-किताब मिलने के बाद नई टीम को पूर्व में किए गए कार्यों और वक्फ संपत्ति से जुड़े प्रबंधन की जानकारी मिलेगी। इससे आगे की जिम्मेदारियों को संभालने और व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। अब समाजजनों की नजरें अगले 15 दिनों में हिसाब-किताब सौंपे जाने और नई कमेटी की आगामी कार्ययोजना पर रहेंगी। जुमा की नमाज के बाद हुए इस्तकबाल के दौरान समाजजनों ने नई कमेटी से जामा मस्जिद की व्यवस्थाओं और वक्फ संपत्ति से जुड़े कार्यों को जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ाने की उम्मीद जताई। कमेटी ने भी भरोसा दिलाया कि सभी सदस्यों को साथ लेकर पारदर्शिता और ईमानदारी से काम किया जाएगा।

छतरपुर में गरबा उत्सव को लेकर पुलिस सख्त, सुरक्षा के लिए बनाए गए कड़े नियम

छतरपुर। जिले में नवरात्रि के अवसर पर आयोजित होने वाले गरबा कार्यक्रमों में सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गया है। देर रात तक चलने वाले इन आयोजनों में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए पुलिस ने शहर भर में विशेष पेट्रोलिंग टीमों की तैनाती की है। गरबा पांडालों और उनके आसपास के इलाकों में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात रहेगा ताकि कोई अप्रिय घटना न घटे। आयोजकों के लिए गाइडलाइन जारी: पांडालों में सीसीटीवी और वॉलिंटियर्स अनिवार्य

पुलिस अधीक्षक रजक सकलेचा ने गरबा आयोजकों को सुरक्षा व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रखने के कड़े निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी गरबा स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं और भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पर्याप्त संख्या में वॉलिंटियर्स की ड्यूटी लगाई जाए। आयोजकों को हिदायत दी गई है कि पांडाल के अंदर या आसपास किसी भी संदिग्ध गतिविधि या विवाद की स्थिति बनते ही तुरंत पुलिस को सूचित किया जाए। किसी भी आपातकालीन स्थिति में मदद के लिए पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112 जारी किया गया है।

छतरपुर जिला अस्पताल का जन औषधि केंद्र बना मरीजों का सहारा, रियायती दरों पर मिल रहीं दवायें

छतरपुर जिला चिकित्सालय परिसर में संचालित प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र आम मरीजों के लिए वरदान साबित हो रहा है। यहां आने वाले मरीजों और उनके तीमारदारों को बाहर के मुकाबले बेहद किफायती दरों पर दवाइयां और स्वास्थ्य संबंधी उपकरण मिल रहे हैं। केंद्र पर मरीजों को बाजार भाव से लगभग 60 से 80 प्रतिशत तक की छूट पर दवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

मरीजों की मांग- केंद्र पर बढ़ाई जाए सभी



प्रकार की दवाइयों की उपलब्धता

जन औषधि केंद्र से मिलने वाली सुविधाओं से मरीज संतुष्ट नजर आ रहे हैं, वहीं कुछ मरीजों का कहना है कि पर्चे पर लिखी जाने वाली कुछ दवाइयां अभी भी केंद्र पर उपलब्ध नहीं हो पाती हैं, जिसके कारण उन्हें बाहर से महंगे दामों पर दवाएं खरीदनी पड़ती हैं। मरीजों और उनके परिजनों ने मांग की है कि अस्पताल के इस केंद्र पर सभी आवश्यक और बची हुई दवाइयों की भी उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि उन्हें पूरी तरह से राहत मिल सके।

डॉ. अरुण गुप्ता बोले- लगातार बढ़ रहा है दवाओं का स्टॉक और वैरायटी

इस संबंध में डॉक्टर अरुण गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला अस्पताल के जन औषधि केंद्र में अब नई दवाइयां भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। केंद्र पर वर्तमान में लगभग 800 से 850 प्रकार की दवाइयां, सर्जिकल आइटम्स, पट्टे, बेल्ट और पोषक तत्व उपलब्ध हैं। मौसम के अनुसार जुकाम, सर्दी और अन्य बीमारियों की दवाइयों के साथ स्टॉक और वैरायटी लगातार बढ़ाई जा रही है, ताकि अधिक से अधिक मरीजों को इसका लाभ मिल सके।

चुनावी रंजिश के चलते सरपंच पर आधा दर्जन लोगों ने किया जानलेवा हमला

मंदिर से लौटते समय रास्ते में रोका और की मारपीट

छतरपुर। बड़ामलहरा थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत बरमा के सरपंच अरविंद सिंह घोष के साथ चुनावी रंजिश को लेकर बीती रात गंभीर मारपीट की घटना सामने आई है। मिली जानकारी के अनुसार, सरपंच अरविंद सिंह जब देर रात मंदिर में आरती कर अपने घर लौट रहे थे, तभी गांव के ही कुछ लोगों ने उन्हें रास्ते में घेर लिया और पुरानी रंजिश के चलते उनके साथ लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी।



गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती, चार लाख की चेन लूटने का आरोप

हमले में घायल सरपंच को गंभीर हालत में बड़ामलहरा से बेहतर उपचार के लिए रेफर किया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। पीड़ित सरपंच ने आरोप लगाया है कि हमलावरों ने मारपीट के दौरान उनके गले से करीब चार लाख रुपए कीमत की तीन तोला की सोने की चेन भी छीन ली।

चुनावी रंजिश बनी हमले की वजह

सरपंच अरविंद सिंह ने बताया कि यह हमला पूरी तरह से चुनावी रंजिश के तहत किया गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

लवकुशनगर में नवरात्रि महापर्व पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम, पंडालों और मंदिरों में पुलिस मुस्तैद



लवकुशनगर।

नवरात्रि महापर्व के दौरान नगर में शांति, सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। एसडीओपी नितेश पटेल के कुशल निर्देशन और मार्गदर्शन में थाना प्रभारी त्रिवेन्द्र त्रिवेदी द्वारा नगर के सभी प्रमुख दुर्गा पंडालों एवं मंदिरों में सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम किए गए हैं। पर्व के दौरान उमडने वाली श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को ध्यान में रखते हुए पुलिस बल हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार है।

सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए थाना प्रभारी त्रिवेन्द्र त्रिवेदी स्वयं पुलिस बल के साथ लगातार पंडालों और मंदिर परिसरों का औचक भ्रमण कर रहे हैं। महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुचारू भीड़ प्रबंधन और यातायात नियंत्रण के लिए विशेष पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है, ताकि दर्शनार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

इसके अलावा, असामाजिक तत्वों और हुड़दंगियों पर पैनी नजर रखने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा सादी वर्दी में भी पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने के लिए रात्रि गश्त को भी काफी बढ़ा दिया गया है। पुलिस प्रशासन की इस तत्परता और सक्रियता के चलते नगर में नवरात्रि का यह पवित्र पर्व पूरी तरह शांतिपूर्ण, सुरक्षित और हर्षोल्लास के वातावरण में मनाया जा रहा है, जिससे आम नागरिकों और श्रद्धालुओं में भारी उत्साह और संतोष का माहौल है।

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान में कलेक्टर का औचक निरीक्षण, उप स्वास्थ्य केंद्र में मिलीं कमियां

करारागंज उप स्वास्थ्य केंद्र की जांच के निर्देश, छात्रावास में हाजिरी की गड़बड़ी एवं अनियमिताओं पर अधीक्षक के खिलाफ कार्रवाई

छतरपुर।

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत शुक्रवार को क्षेत्रीय विधायक कामाख्या प्रताप सिंह एवं कलेक्टर मृणाल मीना ने हरपालपुर और आसपास के क्षेत्रों का दौरा कर शासकीय संस्थानों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान करारागंज स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र में कई कमियां मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताई और जांच के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि जांच में लापरवाही या अनियमितता सामने आने पर जिम्मेदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं, हरपालपुर के छात्रावास में विद्यार्थियों की दर्ज संख्या और उपस्थिति में अंतर का मामला सामने आने पर अधीक्षक के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की गई।

दौरे में क्षेत्रीय विधायक कामाख्या प्रताप सिंह ,पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नमः शिवाय अर्जरिया सहित जिला प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे। कलेक्टर ने उपस्वास्थ्य केंद्र और छात्रावास की व्यवस्थाएं देखने के साथ पंचायत भवन में स्वामित्व पंजीयन कार्य की समीक्षा भी की। इस दौरान ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समयसीमा में निराकरण के निर्देश दिए।

उप स्वास्थ्य केंद्र में कमियां देख जताई नाराजगी

कलेक्टर मृणाल मीना ने करारागंज स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। यहां व्यवस्थाओं में कई कमियां मिलने पर उन्होंने नाराजगी जाहिर की। संबंधित अधिकारियों को पूरे मामले की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।



कलेक्टर ने कहा कि जांच में कमियां और लापरवाही पाए जाने पर संबंधित जिम्मेदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

पांच बच्चे दर्ज, 50 की हाजिरी का मामला

छात्रावास में निरीक्षण के दौरान विद्यार्थियों की दर्ज संख्या और उपस्थिति को लेकर गड़बड़ी का मामला सामने आया। जानकारी के अनुसार, छात्रावास में पांच बच्चे दर्ज थे, जबकि 50 बच्चों की हाजिरी लगाए जाने की बात सामने आई। छात्रावास को लेकर पहले भी शिकायतें मिलने की जानकारी के बीच कलेक्टर ने मामले को गंभीरता से लिया और अधीक्षक के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की। उपस्थिति रजिस्टर और संबंधित अभिलेखों की जांच से अनियमितता की पूरी स्थिति स्पष्ट होगी।

पंचायत भवन में स्वामित्व पंजीयन की समीक्षा

करारागंज ग्राम पंचायत भवन में कलेक्टर ने स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन अभियान के तहत भू-स्वामियों की रजिस्ट्री प्रक्रिया का निरीक्षण किया। उन्होंने रजिस्ट्री कर रहे पटवारी से अब तक हुए पंजीयन की जानकारी ली और लंबित प्रकरणों की स्थिति जानी। इस दौरान भू-स्वामियों की लंबित ई-केवाईसी शीघ्र पूरी करने के निर्देश दिए गए।

पंजीयन कार्य में आ रही तकनीकी समस्याओं के संबंध में कलेक्टर ने जिला ई-गवर्नेंस प्रबंधक (डीईजीएम) से फोन पर चर्चा की और समस्याओं का जल्द निराकरण सुनिश्चित करने को कहा, ताकि रजिस्ट्री की प्रक्रिया प्रभावित न हो और पात्र भू-स्वामियों को स्वामित्व अधिकार अभिलेख उपलब्ध कराने का काम समय पर पूरा हो सके।

जनविश्वास शिविर में सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

दौरे के दौरान कलेक्टर मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत आयोजित शिविर में भी पहुंचे। यहां ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं और शिकायतें अधिकारियों के सामने रखीं। कलेक्टर ने संबंधित विभागों को शिकायतों का समयसीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही बंदोबस्त से जुड़े लंबित प्रकरणों को एक माह के भीतर निराकृत करने को कहा, ताकि लोगों को राजस्व संबंधी मामलों में अनावश्यक परेशानी न उठानी पड़े।

गौशाला के नाम पर 20 लाख का खेल, इंजीनियरों और ठेकेदार पर ईओडब्लू ने दर्ज किया मामला

37.85 लाख रुपए की लागत से बननी थी गौशाला, मौके पर अधूरी बाउंड्रीवाल और भवन मिला

ओपन टेंडर की जगह दो अलग-अलग तारीखों पर तैयार कीं संक्षिप्त निविदाएं

रीवा।

निराश्रित गोवंश को आश्रय देने के लिए स्वीकृत गौशाला निर्माण में कथित फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है। रीवा जिले के डभौरा यूनिट क्रमांक-3 में गौशाला निर्माण के नाम पर सरकारी राशि के दुरुपयोग और निविदा प्रक्रिया में गड़बड़ी मामले में आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) ने तत्कालीन इंजीनियरों, निविदा शाखा के कर्मचारी और ठेकेदार के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज किया है। जांच में सामने आए तथ्यों के मुताबिक, करीब 37.85 लाख रुपए की लागत से गौशाला, बछड़ा शेड, भूसा गोदाम, बीमार गायों के लिए शेड, नलकूप, पानी की टंकी और बाउंड्रीवाल सहित अन्य निर्माण कार्य कराए जाने थे। लेकिन भौतिक सत्यापन में मौके पर करीब 80×25 फीट की अर्द्धनिर्मित बाउंड्रीवाल और एक अधूरा भवन ही पाया गया। इसके बावजूद मनरेगा पोर्टल पर 27.38 लाख रुपए से अधिक के बिल प्रस्तुत किए गए, जिनमें से 20.22 लाख रुपए का भुगतान प्राप्त हो गया। ईओडब्ल्यू की जांच में निविदा प्रक्रिया से लेकर सामग्री आपूर्ति और भुगतान तक कई गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं। वही निर्धारित पारदर्शी प्रक्रिया अपनाने के बजाय कथित सांठगांठ के जरिए छतरपुर की मेसर्स दीनदयाल कुशवाहा फर्म को काम दिलाया गया। एक ही कार्य के लिए दो अलग-अलग तारीखों पर संक्षिप्त निविदाएं तैयार की गईं। निविदा शुल्क और अमानत राशि जमा नहीं होने के बावजूद प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई। इतना ही नहीं, 28 सामग्रियों की आपूर्ति के लिए दरें मांगी गई थीं, लेकिन संबंधित फर्म ने केवल 9 सामग्रियों का दर पत्रक दिया। इसके बाद भी फर्म को एल-1 यानी न्यूनतम दर वाला घोषित कर कार्यादेश जारी कर दिया गया।



37.85 लाख की गौशाला, लेकिन जरूरी सुविधाएं ही नहीं मिलीं

मनरेगा योजना के तहत निराश्रित गोवंश की देखभाल के लिए रीवा जिले के विभिन्न विकासखंडों में गौशाला निर्माण के कार्य स्वीकृत किए गए थे। इसी योजना के अंतर्गत डभौरा यूनिट क्रमांक-3, नगर परिषद डभौरा में भी गौशाला का निर्माण कराया जाना था। इस कार्य की जिम्मेदारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा (आरईएस) संभाग क्रमांक-2 रीवा को सौंपी गई थी। परियोजना के तहत करीब 37.85 लाख रुपए की लागत से गौशाला भवन, बछड़ा शेड, भूसा गोदाम, बीमार गायों के लिए अलग शेड, नलकूप, 6000 लीटर क्षमता की पानी की टंकी, बाउंड्रीवाल और परिसर का समतलीकरण कराया जाना था। इन निर्माण कार्यों का उद्देश्य गोवंश को सुरक्षित आश्रय देने के साथ चारे और पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना था। लेकिन जांच के दौरान निर्माण स्थल की स्थिति प्रस्तावित परियोजना से मेल नहीं खाती मिली। भौतिक सत्यापन में करीब 80×25 फीट की अर्द्धनिर्मित बाउंड्रीवाल और एक अधूरा भवन पाया गया वहीं गौशाला संचालन के लिए जरूरी शेड, नलकूप और पानी की टंकी जैसी सुविधाएं मौके पर नहीं मिलीं। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यही है कि जब परियोजना के तहत प्रस्तावित कई महत्वपूर्ण निर्माण कार्य पूरे नहीं हुए, तो उनके नाम पर बिल कैसे प्रस्तुत किए गए और भुगतान किस आधार पर जारी हुआ? ईओडब्ल्यू ने इसी तरह की अनियमितताओं को लेकर मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

तीन और 31 दिसंबर की तारीख पर तैयार की गईं दो निविदाएं

जांच में निविदा प्रक्रिया को लेकर भी गंभीर सवाल सामने आए हैं। आरोप है कि एक ही निर्माण कार्य के लिए कार्यालयीन रिकॉर्ड में 3 दिसंबर 2020 और 31 दिसंबर 2020 की तारीखों पर दो अलग-अलग संक्षिप्त निविदाएं तैयार की गईं। अधिकारियों ने पारदर्शी खुली निविदा प्रक्रिया अपनाने के बजाय कथित तौर पर अपने चहेते सप्लायर को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से प्रक्रिया तैयार की। छतरपुर की मेसर्स दीनदयाल कुशवाहा फर्म को निर्माण कार्य में सामग्री आपूर्ति का काम दिए जाने के दौरान निर्धारित नियमों का पालन नहीं किया गया। निविदा प्रक्रिया में भाग लेने के लिए निर्धारित प्रपत्र शुल्क और अमानत राशि जमा कराना जरूरी था। जांच में पाया गया कि संबंधित फर्म ने न तो निविदा प्रपत्र शुल्क जमा किया और न ही अमानत राशि जमा कराई। इसके बावजूद निविदा प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई और फर्म को कार्यादेश जारी कर दिया गया। निविदा दस्तावेजों में सामने आई इन कथित अनियमितताओं के आधार पर अधिकारियों और संबंधित फर्म की भूमिका जांच के दायरे में आई है।

28 सामग्रियों के बजाय केवल 9 के रेट, फिर भी एल-1

गौशाला निर्माण में कथित गड़बड़ी का एक अहम पहलू सामग्री आपूर्ति से जुड़ा है। जांच के अनुसार, निर्माण कार्य के लिए 28 प्रकार की सामग्रियों की आपूर्ति के संबंध में दरें मांगी गई थीं। लेकिन संबंधित सप्लायर ने केवल 9 सामग्रियों का ही दर पत्रक प्रस्तुत किया। इसके बावजूद कथित तौर पर तुलनात्मक पत्रक तैयार किया गया और मेसर्स दीनदयाल कुशवाहा को एल-1 घोषित कर दिया गया। इसके बाद फर्म को कार्यादेश जारी किया गया। निविदा प्रक्रिया में एल-1 का दर्जा सामान्यतः पात्र निविदादाताओं में सबसे कम दर प्रस्तुत करने वाले को दिया जाता है।

पोर्टल पर 27.38 लाख के बिल, 20.22 लाख का भुगतान

ईओडब्ल्यू की जांच में मनरेगा पोर्टल पर प्रस्तुत बिलों और भुगतान का मामला भी सामने आया है। जांच के अनुसार, संबंधित सप्लायर और अधिकारियों की कथित सांठगांठ से पोर्टल पर कुल 27,38,578.22 रुपए के बिल प्रस्तुत किए गए। इनमें से 20,22,020 रुपए का भुगतान प्राप्त किया गया। दूसरी ओर, निर्माण स्थल पर परियोजना के अनुरूप सभी जरूरी सुविधाएं मौजूद नहीं थीं। मौके पर अर्द्धनिर्मित बाउंड्रीवाल और अधूरा भवन मिला, जबकि गौशाला संचालन के लिए आवश्यक शेड, पानी की टंकी और नलकूप का निर्माण नहीं पाया गया।

तत्कालीन इंजीनियरों से लेकर फर्म के प्रोपराइटर तक बने आरोपी

ईओडब्ल्यू ने इस मामले में तत्कालीन अधिकारियों, निविदा शाखा के कर्मचारी और संबंधित सप्लायर को आरोपी बनाया है। जिसमें राजेन्द्र सिंह धुर्वे तत्कालीन कार्यपालन यंत्री, संभाग क्रमांक-1 एवं प्रभारी कार्यपालन यंत्री, संभाग क्रमांक-2 रीवा,डी.एस. आर्मो तत्कालीन कार्यपालन यंत्री, संभाग क्रमांक-2 रीवा। हिमांशु तिवारी तत्कालीन कार्यपालन यंत्री, संभाग सीधी,जगदीश सिंह राजपूत तत्कालीन अनुविभागीय अधिकारी, अनुभाग मऊगंज। लक्ष्मण प्रसाद शुक्ला तत्कालीन सहायक ग्रेड-3 एवं प्रभारी निविदा शाखा, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग क्रमांक-2 रीवा। दीनदयाल कुशवाहा मेसर्स दीनदयाल कुशवाहा फर्म के प्रोपराइटर। इसके अलावा अन्य संबंधित लोगों की भूमिका भी जांच के दायरे में है। ईओडब्ल्यू ने उपलब्ध तथ्यों के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया है।

इन धाराओं में दर्ज हुआ मामला

मामले में भारतीय दंड विधान की धारा 409, 420, 467, 468, 471 और 120-बी के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। इसके साथ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत धारा 7(सी), 13(1)(ए) और 13(2) भी लगाई गई हैं।
इन धाराओं के तहत सरकारी राशि के कथित दुरुपयोग, धोखाधड़ी, दस्तावेजों में कूटरचना, कूटरचित दस्तावेजों के उपयोग और आपराधिक षड्यंत्र से संबंधित आरोपों की जांच की जाएगी। भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं के तहत भी संबंधित अधिकारियों की भूमिका की पड़ताल होगी।

सेमरिया बाजार में जानलेवा हमला करने का आरोपी समीर खान गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजा गया

रीवा। सेमरिया कस्बे के बाजार में पुराने विवाद को लेकर मारपीट करने के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी समीर खान (22) को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी ने अपने चार अन्य साथियों के साथ मिलकर राकेश ताम्रकार (45) के साथ मारपीट की थी और जान से मारने की धमकी दी थी। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में केंद्रीय जेल रीवा भेज दिया गया।

पुराने विवाद में मारपीट का आरोप

पुलिस के अनुसार, वार्ड क्रमांक 13, सेमरिया निवासी राकेश ताम्रकार ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 13 मई 2026 को सेंहतरा निवासी समीर खान अपने चार अन्य साथियों के साथ पुराने विवाद को लेकर पहुंचा और अश्लील गाली-गलौज करते हुए उनके साथ मारपीट की। शिकायत में जान से मारने की धमकी देने का आरोप भी लगाया गया।
फरियादी की रिपोर्ट पर थाना सेमरिया में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 296(बी), 115(2), 351(3) और 3(5) के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। जांच के दौरान मामले में धारा 118(2) बीएनएस भी जोड़ी गई।

मुखबिर की सूचना पर हुई गिरफ्तारी

पुलिस के मुताबिक, घटना के बाद से आरोपी अपनी पहचान छिपाकर गिरफ्तारी से बच रहा था। इसी बीच 15 अक्टूबर 2026 को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने समीर खान पिता मोबीन खान, उम्र 22 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 15, सेंहतरा, थाना सेमरिया, जिला रीवा को पकड़ा। पूछताछ के दौरान आरोपी द्वारा अपराध स्वीकार किए जाने की बात पुलिस ने बताई है। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस के अनुसार, आरोपी के विरुद्ध थाना सेमरिया में अन्य आपराधिक प्रकरण भी दर्ज हैं।

इनकी रही सराहनीय भूमिका

पुलिस अधीक्षक रीवा डॉ. गुरकरन सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा के निर्देशन तथा एसडीओपी रूपेंद्र धुर्वे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सेमरिया शिवा अग्रवाल के नेतृत्व में कार्रवाई की गई।

मऊगंज के नवागत कलेक्टर राजेश कुमार ओगरे ने संभाला कार्यभार



मऊगंज भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के वर्ष 2012 बैच के अधिकारी श्री राजेश कुमार ओगरे ने गुरुवार 16 अक्टूबर को मऊगंज जिले के नवागत कलेक्टर के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने जिला अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया । इस दौरान अपर कलेक्टयर पीके पांडेय, पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र कुमार जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शशिकांत सरयाम, डिप्टी कलेक्टर अजीत मिश्र, एसडीएम हनुमना राजेश मेहता, एसडीएम मऊगंज रश्मि चतुर्वेदी एवं अन्यक विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

आर्टिगा कार सहित पकड़े गए आरोपी, 90 हजार की सोने की चेन बरामद

नवरात्रि में चेन चोरी करने रीवा आया यूपी का गिरोह पकड़ाया, आठ महिलाएं और एक पुरुष गिरफ्तार

रीवा।

नवरात्रि में मंदिरों में उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच महिलाओं के गले से सोने की चेन चोरी करने वाले उत्तर प्रदेश के गिरोह का रीवा पुलिस ने पर्दाफाश किया है। समान थाना पुलिस ने गिरोह की आठ महिलाओं और एक पुरुष को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से करीब 90 हजार रुपए कीमत की सोने की चेन बरामद की गई है। वारदात में इस्तेमाल की जा रही आर्टिगा कार भी जब्त की गई है, जिसकी कीमत करीब 10 लाख रुपए बताई गई है।
पुलिस के मुताबिक, गिरोह के सदस्य नवरात्रि के दौरान मंदिरों में होने वाली भीड़ का फायदा उठाकर चोरी की वारदात को अंजाम देने के इरादे से रीवा आए थे। शहर के फूलमती माता मंदिर में महिला के गले से सोने की चेन चोरी होने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए और संदिग्ध वाहन की पहचान के लिए मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया। जांच के दौरान मिले सुराग के आधार पर पुलिस ने गुढ़ मार्ग के लोही क्षेत्र में घेराबंदी कर नौ आरोपियों को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपियों ने फूलमती माता मंदिर में चेन चोरी करने की बात स्वीकार की। बात दे समान थाना क्षेत्र अंतर्गत रतहरा निवासी गीता देवी पटेल (55), पत्नी नरेंद्र पटेल, 13 अक्टूबर 2026 की सुबह करीब 6:25 बजे फूलमती माता मंदिर में दर्शन करने पहुंची थीं। वह अपने घर से पैदल मंदिर गई थीं और उनके गले में सोने की पुरानी चेन थी। दर्शन करने के बाद जब वह मंदिर से बाहर निकलीं तो उनके गले से चेन गायब थी। आसपास तलाश करने के बावजूद चेन नहीं मिली। महिला की शिकायत पर समान थाने में अपराध क्रमांक 437/26 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(2) में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। नवरात्रि के कारण मंदिर में श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी हुई थी। पुलिस ने इसी दौरान हुई चोरी की घटना को गंभीरता से लेते हुए मंदिर परिसर और आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच की। इस दौरान जय स्तंभ क्षेत्र में लगे कैमरे में



महिलाओं से भरी एक गाड़ी दिखाई दी। पुलिस ने संदिग्ध वाहन और उसमें सवार लोगों के संबंध में जानकारी जुटाई। इसके बाद पुलिस टीम ने संभावित रास्तों पर निगरानी बढ़ाई। मुखबिर तंत्र से मिली जानकारी और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने गुढ़ मार्ग के लोही क्षेत्र में घेराबंदी की। यहां आर्टिगा कार में सवार आठ महिलाओं और एक पुरुष को पकड़ा गया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने फूलमती माता मंदिर में चेन चोरी करने की बात स्वीकार की। इसके बाद पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी गई सोने की चेन बरामद कर ली। कार्रवाई पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन गौरव राजपूत पुलिस अधीक्षक डॉ. गुरकरन सिंह,नगर पुलिस अधीक्षक राजीव पाठक के निर्देशन में की गई। समान थाना प्रभारी निरीक्षक आशीष मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर तंत्र की मदद से आरोपियों को गिरफ्तार किया।

यूपी से लग्जरी कार से पहुंचे थे रीवा

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार किए गए आरोपियों का संबंध उत्तर प्रदेश के मऊ जिले से है। गिरोह के सदस्य 12 अक्टूबर को आर्टिगा कार से रीवा पहुंचे थे। प्रारंभिक जानकारी में उनके शहर के एक बड़े होटल में ठहरने हुए थे, गिरोह ने नवरात्रि के दौरान मंदिरों में उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए चोरी की योजना बनाई थी। समूह में महिलाओं के होने के कारण श्रद्धालुओं के बीच उनकी गतिविधियों पर आसानी से ध्यान नहीं जाता था। गिरोह के सदस्य मंदिरों में दर्शन करने पहुंचने वाली महिलाओं, खासकर बुजुर्ग महिलाओं को निशाना बनाते थे। समान थाना पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 90 हजार रुपए कीमत की सोने की चेन बरामद की है। इसके अलावा वारदात में इस्तेमाल की गई आर्टिगा कार भी जब्त की गई है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 10 लाख रुपए है। पुलिस अब गिरोह के काम करने के तरीके और संभावित अन्य वारदातों की जानकारी जुटाने में लगी है।

उत्तर प्रदेश के मऊ और गोरखपुर जिले से जुड़े हैं आरोपी

समान थाना पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों में प्रीति उर्फ आरती देवी (25 वर्ष) पति सनोजराम,पूजा देवी (25 वर्ष) पति गुनाल कुमार,करीना देवी (25 वर्ष) पति गौतम राम,अमृता देवी (30 वर्ष) पति अद्वाराम,ज्योति उर्फ सनीसा (20 वर्ष) पिता अनिल कुमार,रीना देवी (43 वर्ष) पत्नी अनिल कुमार,आरोही कुमारी (20 वर्ष) पिता रामकुमार,राजनंदनी उर्फ शालू (26 वर्ष) पति सिकंदर कुमार,साहिल खान (28 वर्ष) पिता एकलाख खान शामिल है पहले सात महिला आरोपी ग्राम बड़ागांव मानिकपुर, थाना घोसी, जिला मऊ (उत्तर प्रदेश) के निवासी बताए गए हैं। राजनंदनी उर्फ शालू का मायका इसी गांव में है, जबकि ससुराल ग्राम लक्ष्मीपुर सिदुआपार, थाना बरहड़गंज, जिला गोरखपुर (उत्तर प्रदेश) में है। साहिल खान ग्राम चिरैया कोटा, थाना चिरैया, जिला मऊ (उत्तर प्रदेश) का निवासी बताया गया है।

छूटे हुए मतदाताओं का नाम जोड़ने के लिए चलाएं अभियान - कलेक्टर

रीवा । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने सभी एसडीएम तथा तहसीलदारों को मतदाता सूची से छूटे हुए युवा मतदाताओं के नाम सूची में शामिल करने के निर्देश दिए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा है कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार विशेष अभियान चलाकर छूटे हुए मतदाताओं के नाम जोड़ें। मतदान केन्द्र में तैनात बीएलओ घर-घर जाकर एक जनवरी 2027 को 18 साल की आयु पूरे करने वाले युवाओं के फार्म-6 में आवेदन भरवाएं। आवेदन पत्र के साथ अन्य आवश्यक दस्तावेज तथा फोटो भी प्राप्त करें। प्रत्येक मतदान केन्द्र में राजनैतिक दलों द्वारा नियुक्त बीएलए के साथ बीएलओ बैठक करके उन्हें मतदान केन्द्र की मतदाता सूची प्रदान करें। मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के समय शिफ्टेड और अनुपस्थित पाए गए मतदाताओं के भी घर जाकर जानकारी लें। यदि मतदाता दिए गए पते पर नियमित रूप से रह रहा है तो निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार उसका नाम पुनः मतदाता सूची में शामिल कराएं। अब तक मतदाता सूची में नाम शामिल करने के संबंध में प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को ऑनलाइन दर्ज करा दें। सभी मतदाता सूची रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सुपरवाइजर तथा बीएलओ इस संबंध में समुचित कार्यवाही करें।

जेके टायर ने मध्य प्रदेश में अपने रिटेल कारोबार का विस्तार किया, रीवा में ट्रक व्हील्स केंद्र का उद्घाटन

रीवा

भारत की अग्रणी टायर निर्माता कंपनियों में से एक, जेके टायर एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने मध्य प्रदेश के रीवा में अपने नए ब्रांड शॉप जेके टायर ट्रक व्हील्स केंद्र का उद्घाटन किया। 'तेज भान टायर एंड अलाइनमेंट' द्वारा संचालित यह सेंटर, ग्राहकों की टायर और सर्विस से जुड़ी सभी जरूरतों के लिए एक 'वन-स्टॉप सॉल्यूशन' के रूप में काम करेगा।

रीवा-मिर्जापुर-वाराणसी राजमार्ग पर मंगावां में रणनीतिक रूप से स्थित यह अत्याधुनिक केंद्र सतना क्षेत्र और इसके आसपास के 500 किलोमीटर के दायरे में अपनी तरह की पहली सुविधा के रूप में स्थापित किया जा रहा है। लगभग 10,000 वर्ग फुट क्षेत्र में फैला यह केंद्र ग्राहकों को टायर खरीदने से लेकर उन्हें लगाने और वाहन की देखभाल तक की संपूर्ण सेवाएँ प्रदान करता है। यहाँ ट्रक, हल्के और छोटे वाणिज्यिक वाहनों, यात्री कारों तथा दोपहिया वाहनों के लिए टायरों की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त, ट्रक के पहियों का अलाइनमेंट, टायर बदलना, नाइट्रोजन गैस भरना और नए टायर लगाना जैसी मूल्यवर्धित सेवाएँ भी प्रदान की जाती हैं।



उद्घाटन के अवसर पर जेके टायर एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड के बिक्री एवं विपणन निदेशक श्री श्रीनिवासु अल्लाफन ने कहा, "वाणिज्यिक वाहन संचालक भारत की परिवहन एवं माल ढुलाई व्यवस्था की रीढ़ हैं। उनके लिए वाहनों का लगातार चालू रहना, विश्वसनीयता और परिचालन लागत (ऑपरेशनल कॉस्ट) में कमी सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण हैं। रीवा में इस नए ट्रक व्हील्स केंद्र के माध्यम से हम अपनी उपस्थिति को मजबूत करने की दिशा में एक रणनीतिक कदम उठा रहे हैं। देश के मध्य भाग में स्थित एक महत्त्वपूर्ण माल परिवहन मार्ग पर हम वाहन बेड़ा संचालकों और ट्रक मालिकों को विश्वस्तरीय टायर समाधान एवं सेवाएँ उनके और अधिक निकट उपलब्ध करा रहे हैं। यह मध्य भारत में अपनी पहुँच बढ़ाने और ग्राहकों को सहजता एवं विश्वास के साथ सर्वोत्तम श्रेणी के समाधान उपलब्ध कराने के हमारे प्रयासों को दर्शाता है।"

रीवा में इस नए ट्रक व्हील्स केंद्र की शुरुआत से शहर और आसपास के क्षेत्रों में कंपनी की उपस्थिति मजबूत होगी। साथ ही फ्लीट ऑपरेटरों और कमर्शियल वाहन मालिकों की बदलती आवश्यकताओं को पूरा करेगा। इस नए प्रतिष्ठान का शुभारंभ राज्य और पूरे देश में अपनी खुदरा उपस्थिति को सुदृढ़ करने के कंपनी के उद्देश्य के अनुरूप है। जेके टायर देशभर में लगभग 900 ब्रांड प्रतिष्ठानों और 6,500 से अधिक व्यावसायिक साझेदारों के विस्तृत नेटवर्क का संचालन करती है। इस नेटवर्क के माध्यम से कंपनी वर्तमान और संभावित ग्राहकों को उत्कृष्ट सेवाएँ उपलब्ध कराती है। इन सेवाओं में कंप्यूटर आधारित पहिया संरेखण, टायरों की अदला-बदली, नाइट्रोजन गैस भरना और टायरों में हवा भरना शामिल हैं। ये सभी सुविधाएँ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाती हैं, जिससे ग्राहकों को संपूर्ण (360-डिग्री)एवं सुविधाजनक सेवा अनुभव मिलता है।

मऊगंज में पहली बार सजी चैतन्य नौ देवियों की अलौकिक झाँकी

ब्रह्माकुमारीज़ के आध्यात्मिक आयोजन ने दिया प्रेम, शांति, सद्भावना, नारी सम्मान एवं नशामुक्ति का संदेश



मऊगंज जिले में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तुत चैतन्य नौ देवियों की अलौकिक झाँकी श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनी। जीवंत देवी स्वरूपों के दर्शन कर लोगों ने आध्यात्मिक अनुभूति प्राप्त की। यह आयोजन केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक ही नहीं, बल्कि समाज में आध्यात्मिक जागृति, नारी सम्मान, पारिवारिक एकता और नैतिक मूल्यों को प्रोत्साहित करने की एक प्रेरणादायी पहल भी रहा। नगरवासियों ने चैतन्य देवियों के दर्शन कर प्रसन्नता व्यक्त की है और कहा कि पहली बार इस प्रकार चैतन्य देवियों के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है एंव उन्होंने ब्रह्माकुमारीज़ मऊगंज के इस पुनीत कार्य की सराहना करते हुए अपेक्षा जताई कि भविष्य में भी जिले में ऐसे आध्यात्मिक एवं जनकल्याणकारी आयोजन होते रहने चाहिए, जिससे समाज में सकारात्मकता, संस्कार और सद्भावना का विस्तार हो। ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा आयोजित इस झाँकी के माध्यम से लोगों को संदेश दिया गया कि देवी दर्शन का वास्तविक उद्देश्य केवल पूजा-अर्चना तक सीमित नहीं, बल्कि देवी स्वरूपों के दिव्य गुणों को अपने जीवन में धारण करना है। जीवन में प्रेम, पवित्रता, सहनशीलता, करुणा और शांति जैसे गुण अपनाकर ही परिवार एवं समाज को सुखमय बनाया जा सकता है। कार्यक्रम में प्रेम, शांति, सद्भावना, नशामुक्ति और विश्व बंधुत्व का संदेश भी दिया गया। पत्रकारों एवं मीडिया कर्मियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई तथा इस अनूठी आध्यात्मिक पहल को जन-जन तक पहुँचाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। चैतन्य नौ देवियों की यह झाँकी मऊगंज के लिए आध्यात्मिक जागृति, सांस्कृतिक मूल्यों और सामाजिक सद्भावना का प्रेरणादायी संदेश बनी। आयोजन ने लोगों को यह प्रेरणा दी कि वे केवल देवी स्वरूपों के दर्शन करके ही न लौटें, बल्कि अपने जीवन में श्रेष्ठ संस्कार अपनाने, नारी का सम्मान करने, नशे से दूर रहने और समाज में प्रेम एवं शांति फैलाने का संकल्प भी लें।